# अति अल्पकालीन जेम (फारवर्ड आक्शन) नीलामी सूचना

नीलामी सूचना संख्याः–मा0शि0प0 / बिक्री / 61 दिनांक– 05-03-2023

## नीलामी हेतु नियम व शर्ते

1– रद्दी कागज को गलाकर लुगदी बनाने की क्षमता रखने वाली पंजीकृत पेपर मिलों / फर्मों / या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि ही प्रतिभाग कर सकते हैं बिना लुगदी बनाने वाली मील या फर्मो द्वारा प्रस्तुत नीलामी पर कोई विचार नही किया जायेगा। फर्म / मिल को पल्पिंग / लुगदी से सम्बन्धित प्रमाणपत्र निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। (प्रारूप–1 देखें।)

2– एक नीलामीदाता एक से अधिक नीलामी में पृथक–पृथक नीलामी प्रपत्र शुल्क एवं ई0एम0डी0 की धनराशि को प्रस्तुत कर भाग ले सकता है। प्रत्येक क्षेत्रीय कार्यालय हेतु नीलामी प्रपत्र शुल्क रू0 1000.00 का डिमाण्ड ड्राफ्ट एवं ई0एम0डी0 की निर्धारित धनराशि पृथक–पृथक होगी। नीलामी प्रपत्र शुल्क एवं ई0एम0डी0 की धनराशि को संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों के अपर सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद, क्षेत्रीय कार्यालय, मेरठ, बरेली, वाराणसी, गोरखपुर एवं प्रयागराज के पक्ष में देय / बंधक (Pledge) होगी प्रस्तुत करना होगा।

3– नीलामी में भाग लेने वाली फर्म / मिलों को अपनी हैसियत का प्रमाणपत्र संबंधित जनपद के जिलाधिकारी तथा चरित्र प्रमाणपत्र जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से निर्गत किया हुआ जो 02 वर्ष से अधिक का न हो प्रस्तुत करना होगा। (प्रारूप–1 देखें।)

4– नीलामीदाता / फर्म / मिल द्वारा निर्धारित नीलामी प्रपत्र के प्रारूप–1 पर क्रम 01 से 11 तक वांछित समस्त सूचनाओं को पूर्ण करते हुए उससे सम्बन्धित समस्त अभिलेख जेम पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य होगा। नीलामीदाता द्वारा नीलामी प्रपत्र के बैंक ड्राफ्ट एवं राष्ट्रीय बचत पत्र के रूप में ई0एम0डी0 की निर्धारित धनराशि तथा काली सूची / आपराधिक पृष्ट भूमि में न होने का शपथ पत्र जो रूपये 10.00 के स्टॉम्प पेपर पर हो मूल रूप में तथा जी0एस0टी0, पैन, आयकर रिटर्न, चरित्र प्रमाणपत्र, हैसियत प्रमाणपत्र, पल्पिंग प्रमाणपत्र तथा अनुभव प्रमाणपत्र की छायाप्रति स्व प्रमाणित करते हुए नीलामी की निर्धारित अन्तिम तिथि एवं समय से पूर्व व्यक्तिगत रूप अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालयों को उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य होगा, अन्यथा की स्थिति में नीलामीदाता / फर्म / मिल को नीलामी के लिए अर्ह नही माना जायेगा। (प्रारूप–1 देखें।)

5– नीलामीदाता द्वारा फर्म / मिल के काली सूची एवं किसी भी आपराधिक मामले में संलिप्त न होने का शपथपत्र जो रूपये 10.00 के स्टॉम्प पेपर पर हो ऑनलाइन अपलोड कर मूल रूप में समस्त प्रमाणपत्रों के साथ निर्धारित तिथि एवं समय के पूर्व प्रस्तुत करना होगा।

6– रद्दी कागज को उठाने वाले रजिस्टर्ड फर्म ही नीलामी में प्रतिभाग कर सकती है। प्रमाणपत्र प्रस्तुत न करने वाली फर्मो के ऊपर समिति द्वारा कोई विचार नही किया जाएगा।

7– फर्मों द्वारा नीलामी में प्रस्तुत दरें प्रति कुन्तल के आधार पर प्रस्तुत की जायेगी। फर्म द्वारा प्रस्तुत दरों में प्रचलित जी0एस0टी0 की दरें पृथक–पृथक सामग्रियों के अनुसार सम्मिलित रहेगी। फर्मो द्वारा समस्त क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा निर्धारित न्यूनतम दर प्रति कुन्तल (जी0एस0टी0 दर सम्मिलित) से अधिक की बोली (दरें) प्रस्तुत करनी होगी। वित्तीय बिड में प्रति कुन्तल अधिकतम दर प्रस्तुत करने वाली एच–1 फर्म / बोलीदाता को कार्य करने हेतु आमंत्रित किया जायेगा।



Scanned with CamScanner

8– धरोहर की धनराशि केवल एन0एस0सी0 के रूप में स्वीकार होगी जो बोलीदाता/फर्म/मिल के बैंक खाते से बनी/निर्गत होनी चाहिए। नीलामी प्रपत्र के साथ ई0एम0डी0 के रूप में क्षेत्रीय कार्यालयों मेरठ, बरेली, वाराणसी, प्रयागराज एवं गोरखपुर के मानक के अनुसार अनुमानित भार के हिसाब से प्रस्तावित दर के मूल्य के बराबर का 10 प्रतिशत धरोहर की धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र माध्यमिक शिक्षा परिषद के सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालय के अपर सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद, क्षेत्रीय कार्यालय, मेरठ, बरेली, वाराणसी, गोरखपुर एवं प्रयागराज के पद नाम से बंधक होगा। ई0एम0डी0 की धनराशि को जेम पर ऑनलाइन अपलोड करते हुए मूल रूप में हार्डकॉपी नीलामी के निर्धारित प्रारूप–1 के साथ नीलामी की निर्धारित अन्तिम तिथि एवं समय से पूर्व व्यक्तिगत/पंजीकृत डाक के माध्यम से उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य होगा। निर्धारित तिथि एवं समय के उपरान्त प्राप्त नीलामीदाताओं के ऊपर कोई विचार नही किया जायेगा। जो बोलीदाता के बैंक खाते से बनी/निर्गत होनी चाहिए।

9– नीलामी ऑनलाइन जेम पोर्टल पर ही स्वीकार की जायेगी, किन्तु निविदा की हार्डकॉपी व्यक्तिगत/पंजीकृत डाक के माध्यम से प्रस्तुत करना अनिवार्य है। परन्तु निविदादाता का यह उत्तरदायित्व होगा कि उसकी निविदा किसी भी स्थिति में निर्धारित तिथि एवं समय से पूर्व कार्यालय माध्यमिक शिक्षा परिषद, क्षेत्रीय कार्यालय, मेरठ, बरेली, वाराणसी, गोरखपुर एवं प्रयागराज के बिक्री/स्टोर अनुभाग को प्राप्त हो जाए।

10– जेम पोर्टल के माध्यम से फारवर्ड आक्शन इवेन्ट में किसी भी प्रकार की त्रुटि/सुधार पाये जाने पर बिना किसी कारण अपर सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद क्षेत्रीय कार्यालय मेरठ, बरेली, वाराणसी, प्रयागराज एवं गोरखपुर द्वारा आमंत्रित नीलामी को निरस्त किया जा सकता है.

11– नीलामी की जाने वाली सामग्रियों का निरीक्षण फर्म/बिडर्स द्वारा माध्यमिक शिक्षा परिषद के पांचों क्षेत्रीय कार्यालयों मे किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक किया जा सकता है।

12– रद्दी कागज की मात्रा अनुमानित है जिसकी मात्रा घट–बढ़ सकती है, फर्म द्वारा भुगतान वास्तविक भार के हिसाब से किया जायेगा।

13– फर्म/मिल के मालिक का प्रतिनिधि यदि सामग्री उठाने आता है तो इस आशय का अधिकार पत्र एवं पहचान पत्र तथा फोटोयुक्त प्रमाणित पहचान पत्र फर्म द्वारा प्रस्तुत करना होगा।

14– सफल नीलामीदाता माध्यमिक शिक्षा परिषद क्षेत्रीय कार्यालय, मेरठ, बरेली, वाराणसी, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्राप्त प्रयुक्त/अप्रयुक्त उत्तर पुस्तिकाओं को किसी भी दशा में विक्रय नहीं करेगा अपितु इनको केवल लुगदी बनाने के प्रयोग में लायेगा और लुगदी बनाने का प्रमाणपत्र अपर सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद, क्षेत्रीय कार्यालय, मेरठ, बरेली, वाराणसी, गोरखपुर एवं प्रयागराज द्वारा नामित अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा। निविदा के साथ इस आशय का प्रमाणपत्र देना होगा। (प्रारूप–1 देखें।)

15– सफल नीलामीदाता को कार्यादेश निर्गत होने के उपरान्त ही रद्दी कागज क्षेत्रीय कार्यालय मेरठ, बरेली, वाराणसी, गोरखपुर एवं प्रयागराज कार्यालय से कार्य की महत्ता को दृष्टिगत रखते हुए उनके द्वारा आदेशित निर्धारित अवधि में उठाया जाना अनिवार्य होगा।

16– नीलामी की स्वीकृति का आदेश प्राप्त होने के तीन दिवस के भीतर नीलामीकर्ता को नियमानुसार प्रचलित स्टैम्प ड्यूटी अदा करके अनुबंध कराना होगा।

17– सामग्रियों के मूल्य का अनुमानित अग्रिम बैंक ड्राफ्ट जो अपर सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद, क्षेत्रीय कार्यालय, मेरठ, बरेली, वाराणसी, गोरखपुर एवं प्रयागराज के पक्ष में देय होगा जमा करके उनके द्वारा निर्धारित समयान्तर्गत सामग्री उठाना होगा। जिससे गोदाम समय से खाली हो सके। ऐसा न करने पर होने वाली सम्पूर्ण क्षति की वसूली



Scanned with CamScanner

राजस्व के रूप में निविदादाता से की जायेगी। उनके सम्पूर्ण मूल्य के साथ–साथ प्रचलित दर पर जी0एस0टी0 कर भी निविदादाता द्वारा नियमानुसार जमा करना होगा। इसके अतिरिक्त संबंधित नगर पालिका की चुंगी तथा अन्य कर जो देय होगा, वह निविदादाता को वहन करना होगा।

18–. वस्तुओं का भार अनुमानित है। मात्रा घट–बढ़ सकती है। सम्बन्धित अपर सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, क्षेत्रीय कार्यालय को यह अधिकार होगा कि वह सफल बोलीदाता को वस्तुओं को उतनी ही मात्रा में दे सकता है जितना उचित समझे। सफल टेण्डरदाता को वस्तुओं को भराने, लादने तौलाई आदि की व्यवस्था अपनी जिम्मेदारी एवं स्वयं के खर्च पर करना होगा। सम्पूर्ण सामग्री उठाने का कार्य पूर्ण हो जाने पर कार्यपूर्ति का प्रमाणपत्र देने पर धरोहर जमानत की धनराशि अपर सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद, क्षेत्रीय कार्यालय, मेरठ, बरेली, वाराणसी, गोरखपुर एवं प्रयागराज द्वारा वापस की जा सकेगी।

19– अपर सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद, क्षेत्रीय कार्यालय, मेरठ, बरेली, वाराणसी, गोरखपुर एवं प्रयागराज/निविदा समिति को बिना कारण बताये नीलामी को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

20– नीलामी की शर्तों का उल्लंघन होने पर धरोहर की जमा धनराशि जब्त कर लिया जायेगा, जिस पर नीलामीदाता को कोई आपत्ति नहीं होगी।

21– किसी भी प्रकार की वाद–विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्राधिकार सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालय का जनपद न्यायालय होगा।

22– नीलामी से संबंधित किसी प्रकार की कठिनाईयों के निवारण हेतु प्रत्येक क्षेत्रीय कार्यालय एवं मुख्यालय प्रयागराज में नियुक्त उप सचिव (वित्त)/नोडल अधिकारी से सम्पर्क किया जा सकता है।

(दिब्यकान्त शुक्ल)
सचिव।

Scanned with CamScanner

# नीलामी प्रपत्र (प्रारूप–1)

## नीलामी प्रस्तुत करने वाले व्यक्ति/फर्म/मिल का विवरण

क्षेत्रीय कार्यालय का नाम व पता :– ......................................

| | | |
|---|---|---|
| 1 | नीलामीदाता के फर्म/मिल का नाम..........................................<br>..........................................................................<br>पंजीकरण संख्या..............................................वर्ष.................<br>पता..........................................................................<br>..........................................................................<br>.......................................................................... | नीलामीदाता का स्वयं प्रमाणित फोटो |
| 2 | नीलामी प्रपत्र शुल्क रू0–1000/– बैंक ड्राफ्ट। | संलग्न करें। |
| 3 | ई0एम0डी0 धनराशि रू0..........................................<br>दिनांक................................ | संलग्न करें। |
| 4 | नीलामीदाता/फर्म/मिल का पैन | संलग्न करें। |
| 5 | फर्म की जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन की प्रमाणित प्रति | संलग्न करें। |
| 6 | पुलिस अधिक्षक द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र जो जनवरी 2021 से पूर्व का न हो। | संलग्न करें। |
| 7 | जिलाधिकारी द्वारा निर्गत हैसियत प्रमाण पत्र | संलग्न करें। |
| 8 | कार्य के अनुभव का प्रमाण–पत्र । | संलग्न करें। |
| 9 | निविदादाता एवं मिल का पल्पिंग प्रमाणपत्र संलग्न करें | संलग्न करें। |
| 10 | काली सूची एवं आपराधिक संलिप्तता में शामिल न होने का रूपये 10.00 के स्टैम्प पेपर पर शपथपत्र। | संलग्न करें। |
| 11 | वर्ष 2019–20, 2020–21 व 2021–22 के आयकर रिटर्न की छायाप्रति। | संलग्न करें। |

मुझे नीलामी की सभी नियम एवं शर्तें स्वीकार हैं।

नीलामीदाता का पूर्ण हस्ताक्षर..........................................
नीलामीदाता का पूरा नाम..........................................
पता..........................................................................
फर्म की मुहर सहित..........................................

Scanned with CamScanner

# कार्यालय सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

पत्रांकः–मा0शि0प0 / बिक्री / 61 दिनांकः– 05-03-2023

## अति अल्पकालीन जेम (फारवर्ड आक्शन) नीलामी की सूचना

माध्यमिक शिक्षा परिषद के पांचों क्षेत्रीय कार्यालयों मेरठ / बरेली / वाराणसी / गोरखपुर एवं प्रयागराज में स्थित हाईस्कूल / इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2022 की प्रयुक्त / अप्रयुक्त उत्तर पुस्तिकाओं एवं अन्य रद्दी की नीलामी हेतु ऐसी पंजीकृत पेपर मिलों / फर्मों से अलग–अलग क्षेत्रीय कार्यालय हेतु रद्दी के अनुमानित भार के अनुसार नीलामी आमंत्रित की जाती है जो रद्दी कागज को गलाकर लुगदी बनाने की क्षमता रखती हो। नीलामी प्रकाशन के पश्चात बिड से सम्बन्धित विस्तृत विवरण INVITATION FOR BID DOCUMENT पर बिड फार्म तथा मानक एवं शर्ते आदि भारत सरकार की जेम पोर्टल वेबसाइट www.gem.gov.in पर दिनांक 14.03.2023 से क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा अपलोड की जायेगी। इच्छुक पेपर मिलों / फर्मों द्वारा रूपये 1000.00 (रूपये एक हजार) मात्र का बैंक ड्राफ्ट जो अपर सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, मेरठ / बरेली / वाराणसी / गोरखपुर / प्रयागराज के पक्ष में देय होगा उसे नीलामी के साथ अपलोड तथा हार्डकॉपी के साथ मूल बैंक ड्राफ्ट संलग्न करना अनिवार्य होगा तथा ई0एम0डी0 की धनराशि एन0एस0सी0 के रूप में कार्यालयों के मानक के अनुरूप देय होगी। नीलामी से सम्बन्धित समस्त नियम व शर्तो की जानकारी माध्यमिक शिक्षा परिषद, मुख्यालय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज की वेबसाईट upmsp.edu.in तथा शिक्षा निदेशक, माध्यमिक एवं सभापति माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ की वेबसाईट madhyamikshiksha.upsdc.gov.in पर भी नीलामी प्रकाशन की तिथि से उपलब्ध रहेगी। नीलामी निर्धारित तिथि व समय पर माध्यमिक शिक्षा परिषद के सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालयों में गठित समिति के द्वारा खोली जायेगी। नीलामी के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की अन्य जानकारी के लिए सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है। नीलामीदाताओं को अपनी बिड जेम पोर्टल वेबसाईट www.gem.gov.in पर ऑनलाइन ही निर्धारित समयान्तर्गत (IMPORTANT TIME LINE) डाउनलोड किया जा सकेगा। नीलामीकर्ता द्वारा एक या एक से अधिक क्षेत्रीय कार्यालयों के रद्दी की नीलामी में प्रत्येक क्षेत्रीय कार्यालय हेतु निर्धारित निविदा शुल्क तथा ई0एम0डी0 की पृथक–पृथक धनराशि जमा कर प्रतिभाग कर सकता है।

## IMPORTANT TIME LINE

**1- The bid document is available at e-procurement system on gem.gov.in through Forward Auction, Interested bidders/buyers may view, all bidders will summit all required document and EMD in hard copy with Annexure-1 till 18-03-2023 by hand before starting of Auction to Bikri/Store Cell, Regional Secretary Madhyamik Shiksha Parishad, Regional Office, Merrut, Bareli, Varanasi, Prayagraj & Gorakhpur.**

**2-**

| | | |
|---|---|---|
| (A) | Payment start date and time | 15-03-2023 At 10:00 Hrs. (10:00 AM) |
| (B) | Payment end date and time | 17-03-2023 At 17:00 Hrs. (05:00 PM) |
| (C) | Auction start date and time | 18-03-2023 At 18:00 Hrs. (06:00 PM) |
| (D) | Auction end date and time | 21-03-2023 At 14:00 Hrs. (02:00 PM) |
| (E) | Site of work | Madhyamik Shiksha Parishad, Regional Office, Merrut, Bareli, Varanasi, Prayagraj & Gorakhpur. |

### क्षेत्रीय कार्यालयों के रद्दी का अनुमानित भार तथा ई0एम0डी0 का विवरण निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | वस्तु का नाम | अनुमानित भार (कुन्तल में) | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | क्षे0का0 मेरठ | क्षे0का0 बरेली | क्षे0का0 वाराणसी | क्षे0का0 गोरखपुर | क्षे0का0 प्रयागराज |
| 1 | प्रयुक्त उत्तर पुस्तक | 2315 | 1296 | 3026 | 1757 | 3242 |
| 2 | जनपदों से वापस प्राप्त अप्रयुक्त सादी उत्तर पुस्तक | 555 | 350 | 400 | 350 | 837 |
| 3 | अन्य मिली–जुली रद्दी | 15 | 151 | 15 | 10 | 30 |
| 4 | ई0एम0डी0 | रू0 463944 | रू0 284680 | रू0 547627 | रू0 337342 | रू0 728708 |

नीलामी निस्तारण समिति / अपर सचिव को किसी एक नीलामी या सम्पूर्ण नीलामी को बिना कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। सामग्रियों की मात्रा घट–बढ़ सकती है।

(दिव्यकांत शुक्ल)
सचिव।

Scanned with CamScanner